परमेश्वर विश्वासियों के साथ काम करने में सहायता करता है

बच्चों को सही प्रकार की अगुवाई सिखायें

बच्चों के सीखने की गतिविधिओं में से कोई भी चुन लीजिये।

प्रार्थनाः "प्रभु हमें एक सुनियोजित संस्था की तरह एक साथ काम करने मे सहायता कीजिये"



नहेमिय्याह ने कहा, "जहाँ कही तुम तुरही की आवाज़ सुनो, हमारे साथ मिल जाओ। हमारा परमेश्वर हमारे साथ हमारे लिये लड़ेगा।"

सींग की तस्वीर बनाओ।

- बयान करें कि इस्राएलियों की तुरहियां भेड़ के साधारण सीग से पोले होते थे।
- बड़े बच्चे छोटों की सहायता करें।
- बच्चों को अपनी तस्वीरें बड़ों आगामी अराधना समय दिखाने दें और उन्हें बताने दें कि ये प्रगट करता है कि परमेश्वर किस प्रकार ईश्वरीय अगुवों को अपने लोगों को बुलाने में इस्तेमाल करता है कि वे एकता में कार्य करें।

बड़े बच्चे या शिक्षक को नहेमिय्याह 4:1-23 से पढ़ने दें या नहेमिय्याह की कहानी बतायें। बच्चों से कहें कि पहले सुने और तब पता करें कि किस प्रकार एक मुक्त अगुवा ने अपने लोगों को एक बड़ी इमारत के प्रोजेक्ट में कार्य करने को आयोजित किया जिससे परमेश्वर की महिमा हुई।

कहानी बताने के बाद इन प्रश्नों को पूछें (केवल जब बच्चे उत्तर न दे सकें जब आप दें)

- यरूशलेम की दीवार के विषय इस्राएल के शत्रु क्या कहते हैं? *[उत्तर पद 2 देखें]*
- जब नहेमिय्याह को शत्रुओं ने धमकाया तो वह सहायता के लिये किसके पास गया? *[उत्तर पद 9 देखें]*
- परमेश्वर से प्रार्थना करने के बाद नहेमिय्याह ने दीवार के बचाव के लिये क्या किया? *[उत्तर पद 13 देखें]*
- इस्राएलियों ने दीवार के लिये कितनी कड़ी मेहनत की? *[उत्तर पद 6 देखें]*
- जब लोगों ने काम किया तब नहेमिय्याह ने क्या किया? *[उत्तर पद 23 देखें]*
- नहेमिय्याह ने किस प्रकार लोगों से दिल से काम करने के लिये प्रोत्साहित किया? *[उत्तरः नहेमिय्याह ने लोगों को प्रार्थना के लिये क्या किया। तब उसने उनके काम को आयोजित किया, परमेश्वर की सामर्थ के विषय स्मरण दिलाया, और एक कड़ी मेहनत करने वाले कार्यकर्त्ता का उदाहरण दिया]*

नेहमिय्याह की कहानी के भाग को **नाटक** का रूप दें, नहेमियाह 4:1-23

- बच्चों को ये नाटक प्रस्तुत करने के लिये मुख्य मंडली की आराधना के अगुवे के साथ इसका प्रबन्ध करें। अपने समय का कुछ हिस्सा बच्चों के साथ नाटक तैयार करने में लगायें बड़े बच्चों को छोटे बच्चों की सहायता करने दें।

- **बड़ा बच्चा** या वयस्क इस भूमिका को करें:
  प्रवक्ताः कहानी का सारांश कहता और बच्चों को क्या कहना है उसे याद दिलाने में मदद करता है।
  नहेमिय्याहः एक हाथ में माला पकड़ता है, और हथौड़ा या दूसरा हथियार दूसरे हाथ में।
- **छोटे बच्चे** ये भूमिका अदा करें:
  इस्राएली इमारत के पत्थर और भाले दोनो पकड़े रहते हैं।
  शत्रु भाले पकड़े रहते हैं।

प्रवक्ता: पद 1 और 2 से कहानी का हिस्सा बताता है।

इस्राएली: ऐसा दिखाते मानो दीवार बना रहे हैं।

प्रवक्ता: नहेमिय्याह और इस्राएली यरूशलेम के चारों ओर दीवार बना रहे हैं। उनके शत्रु उनका मजाक उड़ा रहे हैं। सुने कि शत्रु क्या कहते हैं।

शत्रु: हंसते और कुछ ऐसा कहते हैं: "वे बेवकूफ यहूदी अब क्या बना रहे हैं?"
"क्या वह दीवार?"
"ये एक पत्थरों का ढेर लगता है।"
"एक लोमड़ी भी इसे धक्का दे देंगी!"

प्रवक्ता: पद 6–14 में कहानी का दूसरा भाग बताता है। तब कहता है "सुनो नेहमिय्याह क्या कहता है"।

नेहमिय्याह: "पहले आओ साथ मिलकर परमेश्वर की सहायता के लिये प्रार्थना करें।" परमेश्वर इस कार्य को सामप्त करने में हमारी सहायता कर अब लोग हमारे शत्रुओं की नहीं सुनते आओ इस कार्य को करने मे और परमेश्वर के कार्य को करने का आयोजन करें।

इस्राएली: "हम अपने पूरे दिल से काम करेंगे"
(एक दूसरे से बात करते है) "यदि तुम दीवार का ये भाग बनाओगे तो मैं वहाँ करूँगा"।

प्रवक्ता: पद 15–23 से कहानी का तीसरा भाग बताता है। जब कहता है: "सुनो नहेमिय्याह क्या कहता है"।

नहेमियाह: "हर कोई अपने हथियार अपने पास रखो। जब तुरही की आवाज सुनो दीवार के बचाव के लिये आ जाना। हर समय तैयार रहना। हम सब एक हाथ से दीवार पर काम करेंगे और तलवार दूसरे हाथ में लिये रहेंगे!"

इस्राएली: "देखो दीवार बहुत मज़बूत है"
"लगभग हमने समाप्त कर लिया है"
"देखो कितनी कड़ी मेहनत नहेमिय्याह कर रहा है।"
"वह हमारे लिये एक अच्छा उदाहरण है"

प्रवक्ता या बड़ा बच्चा: जितनों ने सहायता की धन्यवाद देता है।

यदि बच्चे बड़ों के लिये इस कहानी को नाटक का रूप दें, जो उन्हें जो प्रश्न ऊपर सूचि में दिये गये उन्हें बड़ों से पूछने दीजिये।

कविता: हर चार बच्चों को भजन 2:1–2 और 10–11 पद बोलने दें।

पूछें: परिस्थितियों के कौन से उदाहरण हैं जिनमें हमें नहेमिय्याह जैसे मुक्त अगुवे की आवश्यकता पड़ती है कि परमेश्वर के कार्य को एक साथ मिलकर करने में सहायता करें? (बच्चों को उदाहरण देने दीजिये)

यूहन्ना 17:23 कंठस्त करें।

बड़े बच्चे कविता गीत या छोटा नाटक लिखें यीशु के लिये एक साथ करने के विषय इसे वे सप्ताह के बीच में कर।

प्रार्थना: "प्रिय प्रभु, आप सबके ऊपर राजा हैं। कोई आपको परास्त नहीं कर सकता। आप की सहायता से हम अपनी समस्याओं का सामना कर सकते हैं और पाते हैं कि कैसे एक दूसरे की सहायता भी करें। हमें स्मरण करने में सहायता कर कि आपसे पहले सहायता मांगें। अपने पूरे हृदय से एक दूसरे की सेवा में हमारी सहायता कर"

Copyright 2004 © by Paul-Timothy. May be freely copied. Download from www.Paul-Timothy.net